# DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY (जिला विधिक सेवा प्राधिकार)

व्यवहार न्यायालय, हाजीपुर, वैशाली ।
Email address :- clsa_vaishali@yahoo.com / PHONE (दूरभाष) 06224260860.

**District & Sessions Judge**
-Cum-Chairman,
District Legal Services Authority,
Vaishali at Hajipur.

**District Magistrate**
**-Cum-Vice Chairman,**
District Legal Services Authority,
Vaishali at Hajipur.

## सूचना

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना से प्राप्त निर्देश तथा अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हाजीपुर द्वारा दिये गये निर्देश दिनांक-.26.02.21 के आलोक में पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु पूर्व से प्राप्त 129 आवेदनों के अतिरिक्त वैशाली जिले के नये आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से वैशाली जिले के आम नागरिकों/इच्छुक उम्मीदवारों को यह सूचना उपलब्ध करायी जा सकती है कि क्षेत्रीय आधार पर पारा विधिक स्वयं सेवक का चयन किया जाना है, जिस हेतु विस्तृत विवरणी जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हाजीपुर के सूचना पट्ट पर तथा व्यवहार न्यायालय के वेबसाईट पर विज्ञापन के प्रारूप के साथ उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त प्रकाशित किये जाने वाले विज्ञापन में यह भी वर्णित किया जा सकता है कि जिन अभ्यर्थियों का पूर्व में माह मार्च 2020 प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हाजीपुर कार्यालय में प्राप्त है उन्हें पुनः आवेदन समर्पित करने की आवश्यकता नहीं है। वैशाली जिला के आम नागरिक/इच्छुक आवेदनकर्त्ता अपना आवेदन दिये गये प्रारूप के अनुसार दिनांक- 12.03.2021 ........... तक हाथों-हाथ/निबंधित डाक/पंजीकृत डाक से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हाजीपुर (वैशाली), पिन- 844101, बिहार पर भेजें।

26/02/2021
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,

प्रेस विज्ञप्ति

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हाजीपुर (वैशाली)

## पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु आवेदन पत्र का प्रारुप

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है।)

### कौन आवेदन दे सकता है :-

ऐसे व्यक्ति (महिला/पुरुष) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रुचि रखते हों तथा उनके लिए कार्य करना चाहते हों, इनमें शिक्षक/शिक्षिका (सेवानिवृत्त भी आवेदन कर सकते हैं), सेवानिवृत्त सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, डाक्टर, छात्र, गैर-सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति जो स्वयं सेवा में रुचि रखते हों तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार ठीक समझें। जिन पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन पूर्व में किया गया था, वे भी पुनः आवेदन कर सकते हैं। उन्हें इस चयन में प्राथमिकता/वरीयता प्रदान की जायेगी।

### पारा विधिक स्वयं सेवक का कार्य :-

पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरुकता, विधिक सहायता के लिए पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार सौंपें।

### पदों की संख्या :-

एक सौ (100) । चूँकि पारा विधिक स्वयं सेवकों से गांवों या गांवों के समूह में कार्य लेना है, अतः यथासंभव जिले के सभी क्षेत्रों से **पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन क्षेत्रीय आधार पर किया जायेगा।**

आरक्षण :–

चूँकि पारा विधिक स्वयं सेवकों को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्त्ती नहीं है, अतः पदों का आरक्षण नहीं है, परन्तु स्कीम के अनुरुप सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। यह पद एक वर्ष के लिए है।

**शैक्षणिक योग्यता :– मैट्रिक**

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का प्रमाण–पत्र (स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति) लगाकर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक से अथवा हाथों–हाथ भेजें। आवेदन के साथ एक स्वपता लिखा लिफाफा, जिस पर 30/– (तीस रुपया) का डाक टिकट लगा हो तथा आवेदक का नाम व पता लिखा हो, सलंग्न करें। आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक–12.03.2021 है।

आवेदन भेजने का पता :– सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, हाजीपुर, वैशाली, पिन– 844101

मानदेय :– मो0 500/– (पांच सौ) रुपया प्रति कार्य दिवस। परन्तु यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए देय होगा, जिस दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हाजीपुर उन्हें कोई विशेष कार्य करने हेतु सौंपती है या स्वयं सेवक गांव से किसी व्यक्ति को विधिक सेवा हेतु विधिक प्राधिकार या ए.डी.आर. केन्द्र में ले जाती है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरुकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है।

सामान्य अनुदेश :–

(1) आवेदक भारत का नागरिक हो।
(2) स्वस्थ हो ।
(3) अच्छा चरित्र हो।
(4) समाज सेवा में रुचि रखता हो।
(5) किसी प्रकार के अपराधिक मुकदमा दर्ज न हो।

प्र0 जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह –अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
26.02.2021

हाजीपुर, वैशाली ।

आवेदन पत्र

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

1. आवेदक का नाम

2. पिता/पति का नाम :-

3. स्थायी पता :-

पासपोर्ट साईज का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति

4. वर्त्तमान पता :-

प्रखंड -

मोबाईल संख्या-

जिला

राज्य

5. शैक्षणिक योग्यता :-

6. अन्य योग्यता :-

7. जन्म तिथि :-

8. आवेदक की श्रेणी :-(सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग /अति पिछड़ा) ।

तिथि :-

स्थान :-

आवेदक का हस्ताक्षर

जिला विधिक सेवा प्राधिकार
हाजीपुर, वैशाली ।

**<u>साक्षात्कार पत्र</u>**

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु
(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

क्रमांक–............................
(कार्यालय उपयोग के लिए)

(आवेदक द्वारा भरा जायेगा)

1. आवेदक का नाम :–
2. पिता/पति का नाम :–
3. जन्म तिथि :–
4. स्थायी पता :–
5. पत्राचार का पता :–

प्रखंड – मोबाईल संख्या–

जिला राज्य

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान :– तिथि :–

<u>केवल कार्यालय उपयोग के लिए</u>

साक्षात्कार की तिथि :–

समय :–

स्थान :–